# बैंक में हुई 50 हजार रुपए की चोरी का खुलासा, 40 हजार बरामद



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,03अगस्त।** खनियाधाना थाना पुलिस ने बैंक में पैसे जमा करने आए व्यक्ति के बैग से 50 हजार रुपए की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं, जबकि उसका साथी फरार है जिसकी तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में सफलता खनियाधाना थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना से मिली।

खनियाधाना थाना पुलिस गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार, आवेदक सुरेन्द्र कुमार जैन, निवासी बामौरकलां, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 25 जुलाई 2025 को वे मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में 50,000 जमा करने पहुंचे थे, जो उनके बैग से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए। इस पर थाना खनियाधाना में अपराध क्रमांक 360/2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। एएसपी संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. गब्बर सिंह गुर्जर ने विशेष टीम गठित की जिसमें सउनि रामसिंह भिलाला, प्रआर नीतू सिंह, आरक्षक अनूप कुमार, जयवीर गुर्जर, हेमसिंह गुर्जर शामिल थे। टीम द्वारा बैंक और शहर के लगभग 15 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिनमें दो संदिग्ध दिखाई दिए। मुखबिर की मदद से दोनों की पहचान राज सांसी और बाँवी सांसी, निवासी मीरकावद, मुंगावली जिला अशोकनगर के रूप में हुई। आज मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राज सांसी रेड्डी चौराहे के प्रतिक्षालय पर किसी वारदात की नीयत से बैठा है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राज सांसी ने चोरी की बात कबूल की और 40 हज़ार रुपए की नकदी बरामद की गई। उसने बताया कि बाकी 10 हजार रुपए उसके साथी बाँवी सांसी के पास हैं, जिसकी तलाश जारी है।



# तीज उत्सव पर हरियाली और खुशहाली का दिया संदेश

## जैन मिलन महिला मंडल के सदस्यों ने मनाया तीज उत्सव

**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 02अगस्त।** सावन माह की तृतीया तिथि पर भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन के उपलक्ष में हरियाली तीज का आयोजन नरवर नगर के लोड़ी माता मंदिर के पास अमर शांति गेस्ट हाउस पर जैन मिलन महिला मंडल की आयोजक रचना जैन ,जूली जैन ,सविता जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने-अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखा जबकि अविवाहित युवतियो ने अच्छे वर की प्राप्ति के लिए उपवास किया, महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावन के गीत गाए और फिल्मी भजनों पर नृत्य किया कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ,महिलाओं ने दिनभर कार्यक्रम में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया, इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छोटे तालाब पर वृक्ष रोपण कर हरियाली और खुशीहाली का संदेश दिया गया, इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महिलाओं ने केवल नृत्य किया बल्कि पुरस्कार भी जीते जूली जैन ने तीज के महत्व को बताते हुए कहा कि यह दिन पारिवारिक बंधनो को मजबूत करने का अवसर है,इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरवर जैन मिलन महिला मंडल अध्यक्ष जूली जैन ,, सपना शर्मा ,सविता अग्रवाल, रचना जैन, मंजू सिंघल, पिंकी सिंघल, रचना जैन, नेहा जैन, निशा जैन ,अनीता जैन, नेहा गुप्ता, प्रियंका बिसानी, गरिमा बिसानी ,पूजा गुप्ता ,रजनी गुप्ता ,रचना जैन, तनुजा अग्रवाल ,मधु अग्रवाल, कुमारी अवंतिका दीक्षित एवं समस्त जैन महिला मंडल द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित था।

# सिरसा से अपहृत नाबालिग को सुरक्षित किया बरामद

शिवपुरी। बैराड़ थाना पुलिस ने हरियाणा के सिरसा से एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन व एएसपी संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई।
बैराड़ टीआई रविशंकर कौशल के अनुसार, 28 जुलाई 2025 को बैराड़ निवासी आशा पत्नी कमलसिंह परिहार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर अपराध क्रमांक 256/2025, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। एसपी के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर कौशल ने तत्काल एक टीम गठित की जिसमें सउनि सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, आर. लोकेन्द्र, अखलेश धाकड़ एवं महिला आर. वैशाली श्रीवास्तव को शामिल किया। टीम को सिरसा, हरियाणा रवाना किया गया, जहां कड़ी मेहनत और तकनीकी सहायता के जरिए पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा बाथम उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम ऊँची बरोद, थाना बैराड़ को नाबालिग बालिका सहित पकड़ लिया। आरोपी पर प्रकरण में आगे धारा 96, 64(1) बीएनएस, 5एल/6 पॉक्सो एक्ट, 3(1)(डब्ल्यू)(आई), 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सउनि सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, आर. लोकेन्द्र, आर. अखलेश धाकड़ एवं महिला आर. वैशाली श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही।

# बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी।** थाना सीहोर में महिला द्वारा 25 जून 2025 को बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 106/25 धारा 64, 8, 127(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीहोर उनि विवेक यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने 1 अगस्त 2025 को बलात्कार के आरोपी सलमान ख़ान पिता रहीश ख़ान (23 वर्ष), निवासी मिहाबरा थाना सीहोर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त फोर व्हीलर वाहन क्रमांक एमपी 07 जेडजेड 7589 को जब्त कर लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उनि विवेक यादव, प्र.आर. बेताल सिंह गुर्जर, आर. देवेंद्र परिहार, धर्मेंद्र शर्मा, बृजेश माहौर, पवन रावत, सतेंद्र रावत एवं भारत बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

# बजरंगगढ़ किले ने दिलाई जीत, पर्यटन क्विज हुई,टॉप 6 पहुंची मल्टीमीडिया क्विज तक

## जिले के 157 स्कूलों की टीम हुई शामिल

**नवभारत न्यूज**



**शिवपुरी, 02अगस्त।** पर्यटन, संस्कृति व पुरातत्व की जानकारी को स्कूली बच्चों में विस्तृत करने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व पर्यटक एवं संस्कृति परिसर शिवपुरी एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले स्कूली छात्रों के लिए पर्यटन क्विज आयोजित करता है। शहर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में शुक्रवार को प्रदेश के 55 जिलों के साथ-साथ शिवपुरी में भी उक्त क्विज का आयोजन किया गया। जिनमें जिले के 258 निजी व सरकारी स्कूलों की टीमों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 157 टीमें भागीदारी करने पहुंची। सुबह 10 बजे 100 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई जिसमें से वरियता अंकों के आधार पर टॉप 6 टीमें मल्टीमीडिया क्विज तक पहुंची। डिजीटल स्क्रीन पर 10 राउण्ड वाले इस क्विज में 6 वे व 10 वे राउण्ड में शिवपुरी के संदीपनी स्कूल (सीएम राइज) व ईस्टन हाइट स्कूल की टीमें बराबर अंकों पर रहीं। इसके बाद तीसरी बार चार-चार प्रश्नों का पृथक राउण्ड भी बराबरी पर समाप्त हुआ। अंत में रेफिड फायर राउण्ड में दोनों टीमों से एक साथ प्रश्न पूछा गया कि मराठा शासकों ने 1775 में इस किले को बनाया था। इस किले के परिसर में तोपखाना, रंगमहल और मोतीमहल है बताओ यह प्रदेश का कौनसा किला है। इस प्रश्न का तत्परता से संदीपनी स्कूल शिवपुरी की टीम ने पहले जबाव देते हुए कहा कि यह बजरंगगढ का किला है और इस तरह तीन बार मुकाबला टाई होने के बाद रेपिड फायर राउण्ड में उक्त टीम पहले स्थान पर रही। इस पूरी प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी सौरभ गौड़, , महाविद्यालय के प्राचार्य पवन श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश टूरिज्म के नवीन शर्मा सहित शिवपुरी बीईओ मनोज निगम, क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे, महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष अमित भार्गव, यादवेन्द्र चौधरी, रंजना व्यास, रिजवाना खान, कीर्ति गुप्ता, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी महेन्द्र तोमर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

**6 टीमें हुई पुरस्कृत**

मल्टीमीडिया क्विज राउण्ड में पहुंची सभी 6 टीमों को डीईओ विवेक श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी सौरभ गौड व अन्य अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया, साथ ही मप्र टूरिज्म द्वारा इन विजेता टीमों को पर्यटन स्थलों के तीन दिवसीय टूर पैकेज पर भी भेजा जाएगा। प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थियों के अलावा एक-एक मार्गदर्शक शिक्षक शामिल थे। परिणामों के आधार पर विजेता वर्ग में पहले स्थान पर शिवपुरी का संदीपनी स्कूल रहा जिसमें दक्ष पाराशर, योगिता रावत, पियूष राठौर शामिल थे। टीम की मार्गदर्शक शिक्षिका आस्था मित्तल थीं जबकि दूसरे स्थान पर ईस्टर्न हाइट पब्लिक की टीम रही जिसमें उत्कर्ष त्यागी, प्रांजल सोनी व हृदेश सांई शामिल थे। जबकि तीसरे स्थान पर रहे बाल शिक्षा निकेतन की टीम में यथार्थ अवस्थी, अवधि जैन व महक जैन शामिल थे। जबकि उपविजेता टीम में पुरस्कृत हुई तीन टीमों में रंगढरेनवो पब्लिक स्कूल, सीएमराइज खनियांधाना व कोलारस पब्लिक स्कूल की टीम शामिल थीं।

**सितम्बर में होगा प्रदेश स्तर पर मुकाबला:** यह पर्यटन क्विज फिलहाल जिला स्तर पर आयोजित हुआ है। नोडल अधिकारी सौरभ गौड ने बताया कि जिले में प्रथम स्थान पर रही संदीपनी स्कूल की टीम अब प्रदेश स्तर पर सितम्बर माह में होने वाले मुकाबले में शामिल होगी। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने सरकारी स्कूल संदीपनी की टीम के प्रथम स्थान पर रहने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम को प्रदेश स्तरीय मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

# सेना भर्ती स्थल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर जताया संतोष



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,02अगस्त।** ग्वालियर संभाग के संभागायुक्त मनोज खत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना ने ब्रिगेडियर संजय शर्मा के साथ आज शिवपुरी जिले में आयोजित हो रही अग्निवीर सेना भर्ती रैली के भर्ती स्थल शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय शिवपुरी का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सेना भर्ती निदेशक कर्नल पंकज कुमार, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भर्ती स्थल पर तैयार टेंट, प्रवेश-निकासी व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल कंट्रोल यूनिट, हेल्प डेस्क एवं विश्राम व्यवस्था का अवलोकन किया। संभागायुक्त मनोज खत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को गरिमामय, सुरक्षित एवं पारदर्शी वातावरण मिले। प्रकाश की अच्छी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि यह भर्ती रैली हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसे कुशल प्रबंधन, संवेदनशीलता और पारदर्शिता से संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित के निर्देश भी दिए। आईजी अरविंद सक्सेना ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस बल को विशेष सतर्कता के साथ कार्य करना है। उन्होंने भर्ती स्थल के भीतर एवं बाहर ट्रैफिक नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, कानून-व्यवस्था की दृष्टि से की गई तैयारियों की सराहना की और आवश्यक सुझाव भी दिए। ब्रिगेडियर संजय शर्मा ने कहा कि शिवपुरी प्रशासन की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह रैली युवाओं के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ेगी। कर्नल पंकज कुमार ने भर्ती स्थल पर अधिकारियों को संपूर्ण भर्ती के लिए बनाए गए बिन्दुओं से अवगत कराया गया।



### मिश्रा का दिनारा में किया स्वागत

**दिनारा।** दतिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दिनारा हाईवे से निकल रहे थे तभी कार्यकर्ताओं के लिए मालूम पड़ा तभी भारतीय जनता पार्टी के युवा सभी कार्यकर्ताओं ने दिनारा हाईवे रोड पर स्थित तिवारी विवाह वाटिका पर पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का भव्य स्वागत किया ।नरोत्तम ने स्वयं माला ना पहनकर कार्यकर्ताओं के लिए माला पहनाई दिनारा सरपंच प्रतिनिधि, जनपद सदस्य नीटू द्विवेदी, तिवारी विवाह वाटिका आशु तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा, मोहित मिश्रा कंटीली, ऋषभ राजोरिया, सुमित द्विवेदी, अश्विनी पाठक, शत्रुघन यादव, प्रियांशु राजोरिया सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर मिश्रा का स्वागत किया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में पीएम किसान सम्मान निधि का कार्यक्रम

## जिले के 2.93 लाख किसानों को सिंगल क्लिक से 58.75 करोड़ की राशि वितरित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,02अगस्त।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त का जिला स्तरीय वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र पर पीएम किसान दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। यह आयोजन संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से जारी किए गए लाइव प्रसारण को जिले के किसानों को दिखाया गया, जिसमें सिंगल क्लिक के माध्यम से शिवपुरी जिले के 2,93,791 पात्र किसानों के खातों में कुल 58.75 करोड़ की राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में जिले की सभी कृषक उपज मंडियों एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में भी इस योजना के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, जिला पंचायत सदस्य अवधेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड राजू बाथम, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरवीर रघुवंशी तथा जिलामंत्री मुकेश सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया द्वारा अतिथियों के माल्यार्पण और स्वागत से हुई। करौरिया ने उपस्थित किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने देश के करोड़ों किसानों को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है। यह योजना सिर्फ आर्थिक मदद नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। अंत में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक पुष्पेन्द्र सिंह ने सभी किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया।

# बेमौसम बारिश से शिवपुरी में तबाही, विधायक जैन ने किया दौरा



शिवपुरी। विगत दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण जिले के किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसी संबंध में शनिवार को शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने ख्यावदाकला, करमांजकला, करमाजखुर्द, लोहादेवी, शंकरपुर, तिघरी, गढ़ीबरोठ और बिची जैसे गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और खेतों में जाकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

विधायक जैन ने किसानों से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल फसल नुकसान का सर्वे करने और रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके। इस मौके पर विधायक जैन ने कहा, किसानों के हितों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम किसानों को इस मुश्किल घड़ी में अकेला नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही सर्वे रिपोर्ट को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे ताकि किसानों को शीघ्र राहत मिल सके। किसानों ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### 17 बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की 14 टीमों ने 852 मरीजों का किया उपचार

**शिवपुरी।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से 17 अति वर्षा प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से 14 चिकित्सकीय टीमों ने कुल 852 रोगियों का उपचार किया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि कलेक्टर श्री रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देश पर जिले के प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने हेतु खंड चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 2 अगस्त को 14 चिकित्सा दलों का गठन कर उन्हें आवश्यक औषधियों व उपकरणों से सुसज्जित कर विभिन्न ग्रामों में रवाना किया गया।

# 60 लीटर कच्ची शराब जब्त कर 200 लीटर लहान किया नष्ट



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,02अगस्त।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिले में चल रहे अवैध मादक पदार्थों और शराब माफिया के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत थाना बदरवास पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम ईश्वरी खण्डर वेयरहाउस क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने ग्राम श्रीपुर निवासी सोपाल पुत्र बलभद्र परिहार (उम्र 32 वर्ष) को पकड़ा, जिसके कब्जे से 60 लीटर देशी कच्ची शराब अनुमानित कीमत 6000 रुपए बरामद की गई। साथ ही करीब 200 लीटर लहान, जो शराब बनाने के उपयोग में लाया जा रहा था, मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना बदरवास में अपराध क्रमांक 222/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, उनि. नोवेल खेस, सउनि. रघुवीर सिंह मखेनिया, सउनि. राकेश शिवहरे, सउनि. गोपाल बाबू, प्रआर 124 दीपक कुमार, आरक्षक सदन, अनिल, रिंकू, गोलू, दीपक एवं महिला आरक्षक पूजा शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

# दी खाद उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी, यूरिया रैक से बढ़ी आपूर्ति

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,02अगस्त।** जिले में वर्तमान में 21317 मै. टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 1631 मै.टन यूरिया, 1685 मै.टन डीएपी, 4525 मै.टन एनपीके, 13115 मै. टन एसएसपी, 361 मै.टन एमओपी उपलब्ध है। जिले में खरीफ सीजन में अभी तक 53745 मै टन खाद वितरण हो चुका है। जिसमें 20049 मै. टन यूरिया, 11192 मै.टन डीएपी, 7456 मै. टन एनपीके, 14665 मै. टन एसएसपी, एवं 383 मै. टन एमओपी है। उपसंचालक कृषि पान सिंह करौरिया ने बताया कि चंबल कंपनी का यूरिया की रैक प्राप्त हुई है जिससे जिले को 1318 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है, जिसमें डबल लॉक गोदामों को 300 मै.टन, सहकारी समितियों को 600 मै.टन. मार्केटिंग सोसायटी को 80 मै. टन, एमपी एग्रो को 50 मै. टन, इसी प्रकार निजी उर्वरक विक्रेताओं को 288 मै.टन डीएपी प्राप्त होगा जिसका वितरण सहकारी समितियों, डबल लॉक गोदाम, एमपी एग्रो एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रो के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सह. समिति पचावली, लुकवासा, कोलारस, बेंहटा, भडोता, टोडा पिछोर, समोहा, दिनारा, करही, कुंअरपुर, कोटा, धोलागढ, झालोनी, गूडर, बैराड, बूढदा, चिन्नोदी, भौंती, ऐजवारा, दीगोध, बमरा, पिपरघार, सीहोर, मुहासा समिति को डी.ए.पी. 25-25 मै.टन दिया गया है। नलदमयंती विपणन सह. संस्था नरवर को 55 मै. टन डीएपी एवं सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया सोसायटी मर्या. खनियाधाना को 25 मै. टन डीएपी दिया गया है। मार्कफेड शिवपुरी, करैरा, पिछोर, बदरवास, कोलारस, बैराढ को 50-50 मै. टन डीएपी दिया गया है। इसके साथ ही एमपी एग्रो को 50 मै.टन एवं अलका एजेंसी खनियाधाना को 35, विवेक ट्रेडर्स खनियाधाना को 27, गुप्ता ट्रेडिंग करैरा को 18, रामसेवक सीताराम गेडा करैरा को 9, बालाजी ट्रेडिंग बैराढ को 9, राजौरिया कृषि सेवा केंद्र बैराड को 9, श्री राम खाद भण्डार पोहरी को 16, गिर्राज ट्रेडिंग शिवपुरी को 65, जनता एग्रो शिवपुरी को 30, जैन इंटरप्राईजेज शिवपुरी को 40 एवं अरूण एण्ड कंपनी शिवपुरी को 30 मै. टन डीएपी दिया गया है। सभी किसान भाईयों से आग्रह है कि वह खाद के लिए जिला स्तर पर न आकर सबंधित तहसील, निकटतम सोसायटी या निजी विक्रय केंद्रों से ही खाद प्राप्त करें।